● **सुनो, समझो और बताओ :**

# ७. बूझो तो जानो

१. रेलगाड़ी छुक-छुक दौड़े स्टेशन से स्टेशन, सोचो बताओ किसने बनाया प्रथम भाप का इंजन ?

२. स्विच छुओ रोशन हो घर और चमके मोड़ गली का, किसकी खोज स्वरुप बना था प्रथम बल्ब बिजली का ?

३. कुछ घंटों में उड़कर दूजे देश को जाते आज, किन भ्राताओं ने मिलकर बनाया प्रथम हवाई जहाज ?

४. पागल कुत्ता काटे दौड़ो, ना फैले इन्फेक्शन, किस वैज्ञानिक ने खोजा था रैबीज का इंजेक्शन ?

५. खबरें देखें, क्रिकेट देखें, घर में बैठे सब जन, किस आविष्कारक ने दिया दुनिया को टेलीविजन ?

६. लेंस लगी लंबी नलिका जैसे हो कोई तोप, किसने यह ब्रह्मांड दिखाया बना के टेलिस्कोप ?


७. किसने ऐसी लिपि बनाई, जिससे नेत्रहीन करें पढ़ाई ?

✻ निम्न चौखट में पहेलियों के उत्तर ढूँढो । जैसे :- जेम्स वॉट



✻ चौखट में कुछ ऐसे भी वैज्ञानिक हैं जिनका उल्लेख पहेलियों में नहीं आया है । उनके नाम ढूँढ़ो ।







| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ✻ | हो | जे | म्स | वॉ | ट |
| लु | दया | यं | मी | उ | भी | ख | डे | |
| ई | ✻ | भा | त | ई | ए | धु | न | ✻ |
| पा | भा | | य | ना | बं | डि | ल | म |
| श्च | चे | बे | य | ट | र | ब्रे | स | यो |
| र | एल | बे | ई | छ | ई | ळी | ली | न |
| जे | व | रा | | लु | | लि | क | ✻ |
| जे | क | म | दि | भा | गै | प | | र |

❑ कक्षा में विद्यार्थियों से पहेलियाँ बुझवाएँ । साथ में दिए चौखट में पहेलियों के उत्तर ढूँढ़ने के लिए कहें । अन्य पहेलियाँ सुनाएँ । विद्यार्थियों द्वारा पहेलियों का संग्रह तैयार करवाएँ । कक्षा में 'पहेलियाँ बूझो मंच' का आयोजन करें ।